दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार, 13 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 194

महत्वपूर्ण एवं खास

कोणार्क एक्सप्रेस की चपेट में आने से 6 लोगों की दर्दनाक मौत, सीएम ने जताया दुख

विशाखापत्तनम (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में बीती रात एक ट्रेन की चपेट में आने से 6 यात्रियों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। ये हादसा जी सिगदम मंडल के बथुवा गांव के पास हुआ। बेंगलुरु-गुवाहाटी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे कुछ यात्री तकनीकी खराबी के कारण ट्रेन के रुकने के बाद नीचे उतर गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक से गुजर रही एक अन्य ट्रेन ने उन्हें कुचल दिया। भुवनेश्वर-मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस की चपेट में आने से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। श्रीकाकुलम के जिला कलेक्टर श्रीकेश लठकर ने स्थानीय अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचने और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों से घायलों का उपचार सुनिश्चित करने और मृतक व्यक्तियों के परिवारों को हर संभव मदद देने को कहा है।

शादीशुदा गर्लफ्रेंड को उसके बच्चे के सामने 16 बार चाकू से गोदा

बैतूल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के बैतूल से एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक बॉयफ्रेंड ने अपनी शादीशुदा गर्लफ्रेंड का बेरहमी से कत्ल कर दिया। हैवानियत की हद पार करते हुए आरोपी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के बच्चे के सामने ही उसको चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी यहीं नहीं रुका उसने 16 बार अपनी प्रेमिका को चाकू से गोदा। जिससे बच्चा डरकर अलमारी में छुप गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जहां उसके अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी की पहचान संदीप साहू के तौर पर हुई है। आरोपी ने बताया कि 26 वर्षीय शादीशुदा रुबीना के साथ उसका 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन रुबीना का बच्चा बड़ा हो रहा था जिसके कारण उसने रिश्ता खत्म करने को कहा था। लेकिन उसकी बात से वह गुस्से में आ गया और उसके घर जाकर क़त्ल कर दिया। आरोपी ने रुबीना के बच्चे के सामने ही उस पर 16 बार चाकू से वार किए। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बंगलादेश में ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत

ढाका । बंगलादेश में कालीहाटी उपजिला के हटिया क्षेत्र में दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान घाटेल के गर्ट गांव के निवासी तैबुल हुसैन (43), उसकी 24 वर्षीय पुत्री तहमीना बेगम और आठ महीने का पोता तौहीद के तौर पर हुयी है। एलेंगा दमकल सेवा एवं नागरिक रक्षा विभाग की टीम लीडर मुस्तफिजुर रहमान ने बताया कि तैयबुल हुसैन अपनी बेटी और पोते के साथ कालीहाटी उपजिला से घर लौट रहे थे। इस दौरान हटिया रेल क्रॉसिंग उनका ऑटो रिक्शा जमालपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि बाद में घायल ने तंगैल जनरल अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।तंगेल रेलवे पुलिस के प्रभारी सैफुल इस्लाम ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के बाद शवों को परिवारों को सौंप दिया जाएगा।

फिलीपींस में आगाटोन तूफान से 14 लोगों की हुई मौत

मनीला। फिलीपींस में आये आगाटोन तूफान के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई हैं। देश के विभिन्न इलाकों से तूफान में मारे गए लोगों के शव बरामद हुए हैं।

फिलीपींस के पूर्वी तट के तीन अलग-अलग शहरों में 14 लोग मृत पाए गए। जबकि छह लोग लापता बताए गए हैं और 16 घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि तूफान के कारण सात गांवों के 100 से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। आगाटोन तूफान रविवार को देश के पूर्वी तट से टकराया था। इसके बाद 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। भारी बारिश के कारण पूर्वी समर प्रांत सहित कई क्षेत्रों में भूस्खलन हुआ।

दिल्ली सरकार 81 एकड़ के प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी बनाएगी

नई दिल्ली (आरएनएस) । केजरीवाल सरकार के रोजग़ार बजट 2022-23 में घोषित दिल्ली की 'इलेक्ट्रॉनिक सिटी' पहल के लिए डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) ने योजना तैयार करने और लागू करने के लिए ईपीआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट फाउंडेशन के साथ करार किया है। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की डिजाइन, निर्माण, बिक्री और बिक्री के बाद की सेवाएं को लेकर निवेश और नौकरियों को बढ़ावा देना है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 2022-23 के 'रोजगार बजट' के दौरान घोषणा की थी कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से 5 वर्षों में 80 हजार रोजगार पैदा करने के लिए दिल्ली के बापरोला में एक 'इलेक्ट्रॉनिक सिटी' की स्थापना की जाएगी। रोजगार सृजन और लोगों को महामारी के आर्थिक प्रभाव से राहत देने के उद्देश्य से दिल्ली के 'रोजगार बजट' का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 20 लाख नई नौकरियां पैदा करना है।दिल्ली सरकार के प्रमुख नीति थिंक टैंक डीडीसी ने दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स के अनुसंधान, डिजाइन, निर्माण, वितरण और सर्विसिंग के लिए अनुकूल आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए काम शुरू कर दिया है, ताकि राज्य में रोजगार बढ़े और सकल राज्य मूल्य वर्धन को अधिकतम किया जा सके। डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) और ईपीआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट फाउंडेशन के बीच डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह और पद्म भूषण अवार्डी ईपीआईसी के चेयरमैन अजय चौधरी की उपस्थिति में सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य दिल्ली में एक स्वस्थ, प्रतिस्पर्धी इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन-निर्माण-सेवा बाजार विकसित करना और दिल्ली को इसके लिए प्रमुख स्थान बनाना है। डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार की ओर से रोजग़ार बजट में की गई घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ उद्योग संगठनों के साथ साझेदारी करके दिल्ली इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी की पहल घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स के डिजाइन, निर्माण, बिक्री और सेवा को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इन क्षेत्रों में श्रमिकों के कौशल प्रशिक्षण से दिल्ली में श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने में मदद मिलेगी, यह विशेष रूप से महिलाओं के लिए बेहतर रहेगा। दिल्ली के हर हिस्से में कुशल श्रमिक तैयार करने में मदद मिलेगी। यह दिल्ली को हरित, स्वच्छ और सस्टेनेबल इंडस्ट्री के साथ केजरीवाल सरकार के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण दिल्लीञ्च2047 को पूरा करने में मदद करेगा। डीडीसी दिल्ली बुनियादी ढांचे और संसाधनों के माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में विदेशी और घरेलू संस्थाओं को दिल्ली में अनुसंधान, डिजाइन, निर्माण और सेवा केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा। जिससे दिल्ली की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। डीडीसी दिल्ली को ईपीआईसी शैक्षणिक, मानव और अन्य संसाधनों को जुटाने में सहायता करेगा। इसके अलावा दिल्ली को इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन-बिक्री-खरीद हब के रूप में विकसित करने के लिए संबंधित सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने में मदद करेगा। दिल्ली सरकार पहले कदम के रूप में 81 एकड़ के प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी का आधार स्थापित करने को लेकर प्रमुख इकाइयों को आमंत्रित करेगी।

डीडीसी के मार्गदर्शन में ईपीआईसी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स जगत की प्रमुख इकाइयों और अन्य उद्योग विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करेगा। इसके अलावा महिलाओं को प्रशिक्षण देने और दिल्ली के कार्यबल में उनकी भागीदारी बढ़ाने के साथ इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण, मरम्मत और सर्विसिंग के लिए आवश्यक श्रमिकों को कौशल प्रदान करने में मदद करेगी।

बारामूला में लश्कर के 3 हाइब्रिड आतंकी गिरफ्तार, करीब 80,000 नकदी समेत हथियार और गोला-बारूद बरामद

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस, सेना की 22 आरआर और सीआरपीएफ द्वारा सुनवानी पुल, वडूरा बाला के पास एक विशेष चौकी स्थापित की गई थी।

पुलिस ने कहा, जांच के दौरान, संयुक्त दल ने वडूरा बाला से सुनवानी पुल की ओर आ रहे तीन लोगों को रोका, जिन्होंने संयुक्त नाका दल को देखकर मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें चतुराई से पकड़ लिया गया। इनकी पहचान ब्रथकलां निवासी तुफैल मजीद मीर, ब्रथकलां निवासी ओवैस अहमद मीर और वारपोरा निवासी शब्बीर अहमद वागे के रूप में हुई है। उनके पास से प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की आपत्तिजनक सामग्री, तीन पिस्तौल, तीन पिस्तौल मैगजीन, 22 पिस्तौल राउंड, एक ग्रेनेड और 79,800 रुपये नकद सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के हाइब्रिड आतंकवादी हैं और सुरक्षा बलों के साथ-साथ नागरिकों पर हमले करने के लिए लगातार मौके की तलाश में थे। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

एनएमडीसी ने 80वें स्कॉच सम्मेलन 2022 में दो पुरस्कार जीते

नई दिल्ली (आरएनएस)। इस्पात मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है। इस निगम ने अभी हाल में स्कॉच नई दिल्ली द्वारा आयोजित 80वें स्कॉच सम्मेलन और स्कॉच पुरस्कारों में एक स्वर्ण और एक रजत पुरस्कार प्राप्त किया है। स्कॉच सम्मेलन का विषय 'बीएफएसआई और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम की स्थिति' था।

एनएमडीसी ने एनएमडीसी आईटीआई भांसी के माध्यम से दंतेवाड़ा जिले में 'तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संवर्धन' परियोजना के लिए सामाजिक दायित्व श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार तथा डिजिटल समावेशन श्रेणी में ईआरपी कार्यान्वयन के लिए 'प्रोजेक्ट कल्पतरु' के लिए रजत पुरस्कार जीते हैं। ये पुरस्कार एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब की ओर से अमिताव मुखर्जी, निदेशक (वित्त) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्राप्त किए।

ये स्कॉच पुरस्कार विजेताओं को उनकी वेबसाइट पर जमा किए गए आवेदन पत्र, जूरी के समक्ष प्रस्तुतिकरण के बाद तीन दौर की लोकप्रिय ऑनलाइन वोटिंग और जूरी मूल्यांकन के दूसरे राउंड के आधार पर विजेताओं को प्रदान किए गए हैं। उपरोक्त के अलावा, एनएमडीसी को कल्पतरु परियोजना के सुगमतापूर्वक डिजिटाइजेशन के उल्लेखनीय प्रयासों, दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिलों में सीएसआर के माध्यम से तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के विस्तार तथा कोविड का मुकाबला करने की श्रेणी में 'परियोजना सुरक्षा प्रथम' के लिए तीन स्कॉच - ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

इस उपलब्धि पर एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सुमित देब ने कहा, ''मैं राष्ट्र की सेवा के लिए एनएमडीसी के प्रयासों – चाहे वो कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से दंतेवाड़ा में युवाओं के जीवन में परिवर्तन लाना हो अथवा कुशल संचालन के लिए हमारी उत्पादन प्रक्रियाओं में डिजिटलीकरण को एकीकृत करना हो दोनों में ही एनएमडीसी के प्रयासों को मान्यता देने के लिए मैं स्कॉच को धन्यवाद देना चाहता हूं। एनएमडीसी सकारात्मक सामाजिक विकास पर जागरूकता से जोर देने के साथ कच्चे माल की मांग को पूरा करने के लिए एनएमडीसी की कड़ी मेहनत का अनूठा एकीकरण मुझे एनएमडीसी टीम का सदस्य होने पर गौरव की अनुभूति कराता है।

टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल हेलीना के उच्च ऊंचाई वाली उड़ान का दूसरा सफल परीक्षण किया गया

नई दिल्ली (आरएनएस)। चालू उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण परीक्षणों के तहत स्वदेशी रूप से विकसित टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल हेलीना का 12 अप्रैल, 2022 को उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर से एक बार फिर सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया गया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की टीमों ने इसका अधिक ऊंचाई परिक्षेत्र में इसका परीक्षण किया। यह लगातार दूसरा सफल उड़ान परीक्षण है। इससे पहले 11 अप्रैल, 2022 को पहला सफल उड़ान परीक्षण किया गया था। आज का परीक्षण अलग-अलग परिक्षेत्र और ऊंचाई के लिए किया गया। योजना के अनुरूप मिसाइल ने नकली टैंक लक्ष्य पर सफलतापूर्वक निशाना साधा। परीक्षण के दौरान सेना के वरिष्ठ कमांडर और डीआरडीओ के वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस उड़ान-परीक्षण के साथ इमेजिंग इन्फ्रा-रेड सीकर सहित संपूर्ण प्रणाली का लगातार प्रदर्शन स्थापित किया गया है, जो सशस्त्र बलों में हेलीना को शामिल करने में सक्षम होगा।

इससे पहले राजस्थान के पोखरण में हेलीना का प्रमाणीकरण परीक्षण किया गया था, जिसने रेगिस्तानी परिक्षेत्र में मिसाइल की प्रभावशीलता को प्रमाणित किया।

हेलीना तीसरी पीढ़ी की दागकर और भूलने वाली टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल है, जो सीधे प्रहार मोड के साथ-साथ शीर्ष हमला मोड, दोनों में लक्ष्य को भेद सकता है। इस प्रणाली में हर एक मौसम में दिन और रात काम करने की क्षमता है और यह पारंपरिक बख्तरबंद और विस्फोटक प्रतिक्रियाशील बख्तरबंद के साथ युद्धक टैंकों को हरा सकता है।

25 लड़कियों को बेसमेंट में बंधक बनाकर रखा, हर रोज किया गया रेप-कई हुईं प्रेग्नेंट

कीव । बूचा में ह्रदयविदारक नरसंहार ने सबको हिलाकर रख दिया।अब नया दावा सामने आया है जिसमें कहा जा रहा है कि करीब 25 लड़कियों को रूसी सैनिकों ने बंधक बनाकर रखा था।अधिकतर लड़कियों की उम्र 14 से 24 साल के बीच है।इन लड़कियों से रोज रेप किया गया जिसकारण अब ये गर्भवती हो गई हैं। इनमें से कईलड़कियों की हालत खराब है।कई लड़कियों को तो कई दिनों तक बिना कपड़ों के रखा गया और सैनिक बार-बार उनसे रेप करते रहे। शारीरिक शोषण के अलावा लड़कियों का मानसिक शोषणभी शामिल है जिसमें लड़कियों से मारपीट करना और उनसे दुव्र्यवहार करना आदि शामिल हैं।हाल ही में यूक्रेन क्री संसद की सदस्य लीजिया वासिलेंक ने आरोप लगाया था कि रूसी सैनिक लड़कियों का रेप कर उनकी हत्या कर रहे हैं। यह दावा यूक्रेनी मानवाधिकार परिषद की रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल बूचा शहर में एक सामूहिक कब्रिस्तान मिला जिसमें से 300 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों के क्षत-विक्षत

शव बरामद किए गए। कई शव तो ऐसे थे जिनके माथे पर गोली का निशान मिला।बूचा शहर की विचलित करने वाली इन तस्वीरों से दुनियाभर में कोहराम मच गया। चारों तरफ इस घटना की निंदा हो रही है। यूक्रेन पर हमले के बाद करीब एक महीने से बूचा शहर रूसी सैनिकों के कब्जे में है। यूक्रेन ने रूस पर बूचा में नरसंहार और युद्ध अपराध का आरोप लगाया है। हालांकि रूस इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कह रहा है कि रूस की छवि खराब करने के लिए ये साजिश रची गई है।

पीएम ने गुजरात के अदलज में अन्नपूर्णाधाम ट्रस्ट के छात्रावास और शिक्षा परिसर का उद्घाटन किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गुजरात के अदलज में अन्नपूर्णाधाम ट्रस्ट के छात्रावास और शिक्षा परिसर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने जनसहायक ट्रस्ट के हीरामनी आरोग्यधाम का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल उपस्थित लोगों में शामिल थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अन्नपूर्णाधाम के दिव्य, आध्यात्मिक और सामाजिक उपक्रमों से लंबे समय तक जुड़े रहने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के क्षेत्र में योगदान देना गुजरात का स्वभाव रहा है। सभी समुदाय समाज के लिए अपनी क्षमता के अनुसार अपनी भूमिका निभाते हैं और पाटीदार समुदाय अपनी भूमिका निभाने में कभी पीछे नहीं रहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समृद्धि की देवी मां अन्नपूर्णा को सभी और विशेष रूप से पाटीदार समुदाय द्वारा अत्यधिक सम्मान दिया जाता है, जो रोजमर्रा की जिंदगी की वास्तविकताओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा को हाल ही में कनाडा से काशी वापस लाया गया था। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति के ऐसे दर्जनों प्रतीक पिछले कुछ वर्षों में विदेशों से वापस लाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में भोजन, स्वास्थ्य और शिक्षा को हमेशा बहुत महत्व दिया जाता है और आज अन्नपूर्णाधाम ने इन तत्वों का विस्तार किया है। जो नई सुविधाएं तैयार की जा रही हैं, उससे गुजरात के आम लोगों को काफी फायदा होगा, खासकर एक बार में 14 लोगों के डायलिसिस की सुविधा और 24 घंटे ब्लड सप्लाई वाला ब्लड बैंक से एक बड़ी जरूरत पूरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिला अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा शुरू की है। गुजराती के बारे में चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने अच्छे काम के लिए ट्रस्ट और उसके नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन गणमान्य व्यक्तियों की महान विशेषता रचनात्मक कार्यों के साथ आंदोलन (आंदोलन) का सम्मिश्रण रहा है। नरम लेकिन दृढ़ निश्चयी मुख्यमंत्री के नेतृत्व और प्राकृतिक खेती पर जोर देने के प्रयासों की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि जहां तक संभव हो वे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। प्रधानमंत्री ने गुजरात में विकास की समृद्ध परंपरा के बारे में चर्चा की जहां विकास के नए मानक रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास की इस परंपरा को मुख्यमंत्री द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में, भारत ने सरदार पटेल को एक अच्छी श्रद्धांजलि अर्पित की है, जिनका नाम दुनिया भर में पहुंचा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मां अन्नपूर्णा की भूमि गुजरात में कुपोषण के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर कुपोषण अज्ञानता के कारण भी होता है। उन्होंने संतुलित आहार के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। भोजन को स्वास्थ्य की दिशा में पहला कदम बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कुपोषण अक्सर भोजन की कमी के बजाय भोजन के बारे में ज्ञान की कमी का परिणाम होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी के दौरान सरकार ने 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त खाद्यान्न सुनिश्चित किया। मोदी ने कल रात अमरीकी राष्ट्रपति के साथ अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अमरीकी राष्ट्रपति से कहा कि अगर विश्व व्यापार संगठन के नियमों में ढील देने की अनुमति दी जाती है, तो भारत अन्य देशों को खाद्यान्न भेजने के लिए पेशकश कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां अन्नपूर्णा की कृपा से भारतीय किसान पहले से ही दुनिया के लोगों का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने गुजरात में टीकाकरण अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने औद्योगिक विकास के नवीनतम रुझानों की जरूरतों के अनुसार कौशल विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को भी दोहराया।